# दिसम्बर 2008 का राशिफल

# DECEMBER 2008 PREDICTIONS

**Sanjeev K. Markan** **Mob - 9810625635**

**मेष** इस मास में कुछ कार्यों में विघ्न देख कर आपको मानसिक परेशानी रहेगी। बच्चों की भाषा आपके मन को परेशान कर सकती है। इन सब पर आपकी धार्मिक प्रवृत्ति नियंत्रण करेगी। कहीं से भी मास के उत्तरार्ध में आपको लाभ होता रहेगा। पत्नी का स्वास्थ्य खराब रहे। यात्राओं से लाभ है। अकस्मात् धन प्राप्ति का योग है। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग आपका विरोध करेंगे और निम्न वर्ग के लोग आपकी सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। विद्यार्थी वर्ग अपने कृत्यों से परिजनों को परेशानी में डालेंगे। महिला वर्ग लाभ को परिवार की उन्नति के लिए खर्च करें। तारीख 7, 8, 19, 20, 22, 23 हितकर नहीं हैं।

**वृष** इस मास में आपका लाभ अचानक मुट्ठी में से रेत की तरह कम हो जायेगा। घर में परिजनों के भाग्य के सहारे से कुछ लाभ के संदेश मिलेंगे। घर में कुछ लोगों का आना आपको परेशानी में डाल सकते हैं। लाभ की कमी आपकी रातों की नींद खराब कर सकती है। दैनिक आय बढ़े। रोजाना की मजदूरी संभाल कर रखें। उद्योग और व्यापार एक बार मंदा रहे। संतान पक्ष के कृत्यों से मन में रोष का वातावरण बनेगा। ऑफिस में सभी लोग मददगार रहेंगे। व्यापारिक अनुष्ठान पर धार्मिक कृत्यों से शांति होगी। विद्यार्थी परिजनों की सलाह से सही मार्ग प्रशस्त करें। 9, 10, 21, 22, 27, 28 अशुभ हैं।

**मिथुन** इस मास में आपको अचानक लाभ के संदेश मिलेंगे। आप अपने उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण करें। निम्न लोगों से लड़ाई झगड़ा आपको हानिकर रहेगा। धन प्राप्ति के योग आपके मन को अचानक खुशियों से भरेंगे। बुजुर्ग परिजनों का घर में आना व्यय को बढ़ायेगा। पत्नी की धार्मिक प्रवृत्ति का मजाक उड़ाना आपको महंगा यात्रा करके रिचार्ज होंगे। महिला वर्ग की सलाह आपको लाभकारी रहेगी। वाणी कटुता पर नियंत्रण करें। तारीख 1, 11, 12, 24, 25, 30 प्रतिकूल हैं।

**कर्क** आपके स्वास्थ्य की गिरावट आपको परेशान कर सकती है। कहीं से रूका हुआ धन प्राप्त होगा। आप पानी की बीमारियों पर नियंत्रण रखें। संतान पक्ष की सलाह आपके लिए हितकार सिद्ध होगी। विद्यार्थी वर्ग परिजनों की सलाह से अपने लिए उन्नति के नये मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे। पत्नी की बातों पर गुस्सा महंगा पड़ सकता है। सट्टे से बचे रहें। रूई/ऊन के व्यापारी धन कमायें। फर्नीचर वालों का धन्धा कमजोर रहे। व्यापारिक क्षेत्र में नये लोगों से मुलाकात आपके लाभ को बढ़ायेगी। निम्न वर्ग के लोग आपके मददगार साबित होंगे। महिलाएं धन संचय करेंगी। 5, 6, 13, 14, 27, 28 अशुभ हैं।

kundli.cityemails.com

**सिंह** इस मास में आपको विशेष लाभ खुशियों से प्रफुल्लित करेगा। व्यापारिक क्षेत्र में आपको विशेष सफलता प्राप्त होगी। किसी यात्रा को करके आप शुभता को बढ़ायेंगे। बच्चों के कार्यों से मन में खुशी रहेगी। भूमि या वाहन खरीद फरोख्त के लिए उचित समय भी है और भविष्य में आपकी योजना सफल रहे। संतान को सरकारी नौकरी मिल सकती है और बड़े दामाद को कारोबार व सेवा में लाभ है। खान पान का ध्यान आपको पेट दर्द से बचायेगा। किसी महिला परिजन से परेशानी हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग प्रभु का स्मरण कर अपने कार्यों में लिप्त रहें। व्यापारिक अनुष्ठान पर निम्न वर्ग विरोध करेगा। 2, 3, 7, 8, 15, 16 हितकर नहीं हैं।

**कन्या** इस मास में आपको चहुं ओर से लाभ के संदेश मिलते रहेंगे। किसी बुजुर्ग परिजन का आशीर्वाद आपको लाभकारी रहेगा। संतान पक्ष के कृत्य मन को परेशान करेंगे। शेयर्स बाजार आपके लिए हानिकर सिद्ध होगा। आप आलस से बचें। परिवार और गृहस्थ दोनों को उद्योग, स्थान परिवर्तन और धन लक्ष्मी का लाभ मिले। घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हर्षोल्लास को बढ़ायेगा। व्यापारिक क्षेत्र में मास के उत्तरार्ध में विशेष अनुबंध होंगे। विद्यार्थी वर्ग गलत मित्रों को त्याग कर समय को अनुकूल करें। महिलाएं धार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दें। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग मदद करेंगे। तारीख 5, 6, 9, 10, 17, 18 अशुभ हैं।

**तुला** इस मास में घर पर चोरों से सावधानी बरतें। अचानक रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। व्यापारिक क्षेत्र में नये अनुबंध आपको लाभकारी रहेंगे। किसी बुजुर्ग परिजन पर आपको खर्च करना पड़ सकता है। बच्चों का कृत्य आपके लिए लाभकारी रहेगा। संतान पक्ष के दिल को प्यार से जीतें। इस मास में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। बेटी आपसे खर्च की मांग करेगी। बच्चों के लिए नये वाहन का योग चल रहा है। निम्न वर्ग के लोग ऑफिस में परेशान कर सकते हैं। लक्ष्मी जी की आराधना कार्यों की सिद्धि को बढ़ायेगी। विद्यार्थी वर्ग समय की अनुकूलता का लाभ उठायें। तारीख 7, 8, 11, 12, 20, 21 प्रतिकूल रहेंगी।

**वृश्चिक** इस मास में आपको लाभ ज्यादा और खर्च कम का समीकरण प्राप्त होगा। आपकी वाणी लोगों के दिलों को जीतेगी। किसी को उधार देना या जिम्मेदारी लेना आपको महंगा पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर नये लोगों से मुलाकात आपको शुभता प्रदान करेगी। मकान या वाहन की खरीद फरोख्त का सही समय चल रहा है। बच्चों के कृत्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। यदि आप महिला हैं तो मायके जाने के योग बन रहे हैं। आप उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण करें। निम्न वर्ग के लोग आपकी मदद करेंगे। आप समाज में प्रतिष्ठित व्यक्तियों का नेतृत्व करेंगे। विद्यार्थी समय के अनुसार चलें। 9, 10, 13, 14, 22, 23 अशुभ हैं।

kundlicityemails.com

**धनु** इस मास में आपको अपने खर्च पर नियंत्रण करना है। अपनी उग्र भाषा से दोस्तों में दुश्मनों को पायेंगे। यात्रा आपके खर्च को बढ़ायेगी। धन प्राप्ति में रूकावट को भाग्य की नियति समझें। परिजनों से आपको विरोध सहना पड़ेगा। संतान पक्ष अधिक खर्च की मांग करेंगे। यदि आप महिला हैं तो अपने लिए सौंदूर्य प्रसाधन का सामान खरीदेंगी। पत्नी पक्ष बच्चों सहित यात्रा कर पायेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में धार्मिक कृत्य पर आपको खर्च करना पड़ सकता है। विद्यार्थी घूमने से ज्यादा पढ़ाई के प्रति सजग रहें। पत्नी का स्वास्थ्य कोमल है। किसी धार्मिक समाज का आप नेतृत्व करेंगे। 11, 12, 15, 16, 24, 25 हितकर नहीं रहेगी।

**मकर** इस मास में आप कुछ परेशानी का सामना करेंगे। पैरों के दर्द की परेशानी आपको बराबर बनी रहेगी। संतान पक्ष पर अधिक खर्चा होगा। किसी जमीन को बेच कर धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। पदोन्नति के अवसर प्राप्त होगे। निम्न वर्ग के लोग परेशानियां खड़ी करेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा आपको विशेष लाभकारी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग इस समय खर्च पर नियंत्रण करें। कुछ सर्दी की बीमारी आपको परेशान कर सकती है। महिला वर्ग इस समय पति की बातों को दिल से न लगायें। धार्मिक यात्रा कर देवताओं का आशीर्वाद लें। व्यापारिक जगह पर नवनिर्माण करेंगे। तारीख 13, 14, 17, 18, 27, 28 अशुभ हैं।

**कुंभ** इस मास में आय और व्यय का समीकरण बराबर रहेगा। धार्मिक क्षेत्र पर आपका खर्च बढ़ेगा। व्यापारिक क्षेत्र में आपको विशेष लाभ रहेगा। यात्राओं की परेशानियों से बचने के लिए यात्राओं का त्याग करें। आप अचानक पेट दर्द से परेशान हो सकते हैं। संतान पक्ष की बात मन में हर्ष उत्पन्न करेगी। आपको पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आपकी कार्य क्षमता उच्च वर्ग के लोगों को आपका मित्र बनायेगी। आप पत्नी पक्ष की सलाह से कई रूके हुए कार्यो को अंजाम दे सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग पिता के कार्य क्षेत्र में उनकी मदद करें। महिलाएं सौंदूर्य प्रसाधन पर कुछ खर्च करेंगी। 2, 3, 15, 16, 20, 21 शुभ नहीं हैं।

**मीन** इस मास में आपको लाभ के उचित अवसर प्राप्त होंगे। भाग्य की मदद से रुके हुए कार्यों को पूरा होते हुए आप देखेंगे। संतान पक्ष की बातों से मन में परेशान न लायें। उम्र की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। घर में भौतिक वस्तुओं की वृद्धि होगी। अपने व्यापारिक अनुष्ठान पर धार्मिक कृत्य आपके लाभ को बढ़ायेगा। ऑफिस में सभी वर्ग के लोग आपकी सलाह के कायल रहेंगे। विद्यार्थी वर्ग समय की शुभता का ध्यान करें। दोस्तों का परित्याग हितकर रहेगा। महिलाएं अपनी सहेलियों पर कुछ खर्च करेंगी। परिजनों पर व्यय करके आप उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। तारीख 5, 6, 17, 18, 22, 23 हितकर नहीं हैं।

kundli.cityemails.com